This question paper contains 7 printed pages.]

Your Roll No. ......................

# 6329

## B.A. (Hons.) / III B

### ECONOMICS – Paper 09

### (Development Theory and Experience)

### (Admissions of 2005 and onwards)

**Time : 3 Hours** **Maximum Marks : 75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

**Note :** Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any **five** questions.

कोई **पाँच** प्रश्न कीजिये ।

1. Evaluate the validity of the following statements :

   (a) In the Harris-Todaro model, an increase in the formal sector labour demand at a fixed wage rate must lower the percentage of people in the informal sector as a fraction of urban labour force.

(b) If governments cannot tax on agriculture, the supply curve of labour to industry in the Lewis model is always upward sloping. **8, 7**

निम्नलिखित कथनों की वैधता का मूल्यांकन कीजिए :

(क) हैरिस-टोडारो मॉडल में, नियत मजदूरी दर पर औपचारिक क्षेत्रक श्रम माँग में वृद्धि से नगरीय श्रमिक बल के एक भाग के रूप में अनौपचारिक क्षेत्रक में लोगों की प्रतिशतता को अनिवार्यत: निम्न होना चाहिए ।

(ख) यदि सरकारें कृषि पर कर नहीं लगा सकती तो लुइस मॉडल में उद्योग के प्रति श्रम का पूर्तिवक्र हमेशा ऊर्ध्वमुखी ढलवाँ होता है ।

2. What are the ethical principles underlying measures of inequality ? Show that these principles are exactly summarized in the concept of the Lorenz curve. Argue that if there are two income distributions for which the Lorenz curves do not cross, then the Gini coefficient and coefficient of variation of these distributions cannot disagree in measuring income inequality. **15**

असमानता के मापों के मूल में क्या नैतिक सिद्धांत होते हैं ? प्रमाणित कीजिए कि ये सिद्धांत लॉरेंज़ वक्र की संकल्पना में तथ्यत: सार रूप में प्रस्तुत हैं । तर्क प्रस्तुत कीजिए कि यदि कोई ऐसे दो आय बंटन हैं जिन्हें लॉरेंज़ वक्र नहीं काटते हैं, तब इन बंटनों के गिनी गुणांक और विचरण गुणांक आय-असमानता को मापने में असहमत नहीं हो सकते हैं ।

3. (a) An important capability deprivation in many parts of the world is with regard to higher female mortality rates. Contrast these differences across regions/countries and comment on this aspect of gender inequality.

(b) Why do we need to be concerned about inequality among the poor ? Describe poverty measures which exhibit such distributional sensitivity. **10, 5**

(क) विश्व के अनेक भागों में एक महत्त्वपूर्ण क्षमता-वंचन उच्च स्त्री मृत्युदर के बारे में है । क्षेत्रीय/देशों के बीच इन भिन्नताओं की तुलना कीजिए और लिंग असमानता के इस पक्ष पर टिप्पणी कीजिए ।

(ख) गरीबों के बीच असमानता के बारे में हमें सरोकार रखने की आवश्यकता क्यों हैं ? उन गरीबी उपायों का वर्णन कीजिए जो ऐसी वितरणात्मक संवेदनशीलता को प्रदर्शित करते हैं ।

4. Consider an economy in which people fall in three income categories : poor, middle class and rich. Their earnings are respectively \$500, \$2,000 and \$10,000 per year. The savings rate for the three groups are 0 percent, 25 percent and 20 percent respectively.

(a) Calculate the overall savings rate if 20 percent of the people are poor and 50 percent are in the middle class.

(b) Suppose that all growth involves people moving from the poor category to the middle-class category. Will the overall savings rate rise or fall ? Calculate the overall savings rate. Using the Harrod-Domar model and assuming that population growth is zero and all other variables are exogenous, predict whether the resulting growth rate will rise or fall.

(c) Outline another growth scenario where the rate of growth changes over time in a way opposite to that of (b).

(d) Explain what happens if the savings rate is endogenous in the Harrod-Domar model. **3,3,4,5**

एक ऐसी अर्थव्यवस्था पर विचार कीजिए जिसमें लोग तीन आय कोटियों में आते हैं : गरीब, मध्यवर्ग और अमीर । उनकी वार्षिक आमदनी क्रमशः $500, $2,000 और $10,000 है । इन तीन समूहों की बचतदर क्रमशः 0 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 20 प्रतिशत है ।

(क) समग्र बचतदर परिकलित कीजिए जब 20 प्रतिशत लोग गरीब हैं और 50 प्रतिशत मध्यवर्गीय हैं ।

(ख) मान लीजिए कि सब संवृद्धि से लोग गरीब-कोटि से मध्यवर्गी कोटि में अग्रसरित होते हैं । तब क्या समग्र बचत दर बढ़ेगी या गिरेगी ? समग्र बचत दर परिकलित कीजिए । हेरॉड-डोमर मॉडल का उपयोग करते हुए और यह मानते हुए कि जनसंख्या-वृद्धि शून्य है और अन्य सभी चर बहिर्जात हैं, पूर्वानुमान लगाइए कि क्या परिणामी संवृद्धि दर बढ़ेगी अथवा गिरेगी ?

(ग) एक अन्य संवृद्धि परिदृश्य की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए जिसमें संवृद्धि दर समय के दौरान (ख) में वर्णित स्थिति के विपरीत है ।

(घ) स्पष्ट कीजिए कि बचत दर के हेरॉड-डोमर मॉडल में अंतर्जात होने पर क्या होता है ।

5. Societies everywhere have tried to establish institutions where people have the incentives to cooperate and do business with one another. Contrast the different contexts which support agreements and enable cooperation in the developing and developed worlds. **15**

समाजों ने सर्वत्र ऐसी संस्थाएँ स्थापित करने का प्रयत्न किया है जहाँ लोगों के पास एक दूसरे के साथ सहयोग करने और कारोबार करने के प्रोत्साहक होते हैं । उन विभिन्न संदर्भों की तुलना कीजिए जो विकासशील तथा विकसित जगत में सहमतियों का समर्थन करते है तथा सहयोग को संभव बनाते हैं ।

6. In the dynamic nutrition model, use the energy balance equation to show that the casual labour market fails to improve the nutritional status of workers. Explain how both employers and employees are worse off in this market. **15**

गत्यात्मक पोषण-मॉडल में यह प्रमाणित करने के लिए ऊर्जा संतुलन समीकरण का उपयोग कीजिए कि अनियत श्रम-बाज़ार कामगारों की पोषण-प्रस्थिति का सुधार नहीं कर पाता है । स्पष्ट कीजिए कि कैसे नियोक्ता तथा कर्मचारी दोनों ही की इस बाज़ार में बुरी हालत है ।

7. (a) One of the ways an imperfect rural credit market manifests itself is in the form of a ceiling on loans. Explain why this phenomenon may come about. In particular why is it that a higher interest rate cannot always compensate for the possibility of a default and that a credit limit needs to be set ?

(b) Why is a strategy of group lending better than a strategy of lending to individuals ? What are some disadvantages of group lending ? **8, 7**

(क) अपूर्ण ग्रामीण उधार बाज़ार का अपने आपको व्यक्त करने का एक प्रकार ऋणों पर उच्चतम सीमा आरोपित करना है । स्पष्ट कीजिए कि यह परिघटना क्यों घटित हो सकती है । विशेषत: यह बताइए कि क्यों एक उच्च ब्याज दर हमेशा व्यति क्रम की संभावना के लिए क्षतिपूर्ति नहीं कर सकती है और उधार सीमा निर्धारित करना ज़रूरी होता है ।

(ख) समूह को उधार देने की रणनीति व्यक्तियों को उधार देने की रणनीति से बेहतर क्यों है ? समूह को उधार देने की क्या कुछ हानियाँ हैं ?

8. In the context of the globalization debate, there has been far more controversy regarding capital account liberalization than there has been about current account liberalization. Discuss the major issues relevant to this debate. **15**

वैश्वीकरण वाद-विवाद के प्रसंग में चालू लेखा उदारीकरण की अपेक्षा पूँजी लेखा उदारीकरण के बारे में कहीं अधिक विवाद रहा है । इस वाद-विवाद से संबंधित प्रमुख मुद्दों का विवेचन कीजिए ।

---